षोडश बिहार विधान सभा

प्रथम सत्र

<u>दैनिक विवरणिका</u>

संख्या-03 बुधवार, दिनांक- 02 दिसम्बर, 2015 ई० ।

अस्थायी अध्यक्ष श्री सदानन्द सिंह की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.08 बजे अप० तक ।

[1] अध्यक्ष का निर्वाचन :-

अध्यक्ष के निर्वाचन के पूर्व अस्थायी अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सभा सचिव ने महामहिम राज्यपाल से प्राप्त आदेश को निम्न प्रकार पढ़ा :-

"बिहार विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के नियम 9(1) के अनुसार, मैं रामनाथ कोविन्द, बिहार का राज्यपाल, इसके द्वारा बिहार विधान सभा के अध्यक्ष के चुनाव के लिए दिनांक-02.12.2015 की तिथि निर्धारित करता हूँ ।

पटना ह०/- रामनाथ कोविन्द

दिनांक-22.11.2015 राज्यपाल, बिहार ।"

पुनः अस्थायी अध्यक्ष की अनुमति से सभा सचिव ने बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 9 एवं 56 जो क्रमशः अध्यक्ष के निर्वाचन एवं मत विभाजन से संबंधित है को पढ़कर सुनाया ।

तदुपरांत अस्थायी अध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि बिहार विधान सभा के अध्यक्ष पद के लिए अलग-अलग 11 (ग्यारह) प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं । सभी प्रस्ताव श्री विजय कुमार चौधरी, स०वि०स० के पक्ष में है । इन सभी प्रस्तावों में सर्वप्रथम प्राप्त प्रस्ताव को सदन में पेश करने हेतु श्री रामदेव राय, स०वि०स०, प्रस्तावक सदस्य को अनुमति दी । तत्पश्चात् श्री रामदेव राय, स०वि०स० ने प्रस्ताव किया कि श्री विजय कुमार चौधरी, स०वि०स० बिहार विधान सभा के अध्यक्ष चुने जायें, जिसका अनुमोदन श्री अशोक कुमार, स०वि०स० द्वारा किया गया । प्रस्ताव सर्वसम्मति से सदन द्वारा स्वीकृत हुआ तथा अस्थायी अध्यक्ष महोदय ने श्री विजय कुमार चौधरी, स०वि०स० के सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की ।

तदुपरांत अस्थायी अध्यक्ष महोदय की अनुमति से माननीय मुख्यमंत्री एवं श्री प्रेम कुमार, स०वि०स० ने ससम्मान श्री विजय कुमार चौधरी को अध्यक्ष के आसन तक ले गए एवं आसन पर बिठाया । आसन ग्रहण करने के पश्चात् माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा आभार व्यक्त किया गया ।

[2] <u>अध्यक्ष को बधाई</u> :-

माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार एवं निम्नांकित सभासदों ने अध्यक्ष को बधाई दी तथा उनके प्रति शुभकामना प्रकट की :-

(i) श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, माननीय उप मुख्य मंत्री
(ii) श्री प्रेम कुमार
(iii) श्री सदानन्द सिंह
(iv) श्री जीतन राम मांझी
(v) श्री राजू तिवारी
(vi) श्री ललन पासवान
(vii) श्री नंद किशोर यादव

[3] <u>अध्यक्ष का संबोधन</u>:-

यथा संलग्न ।

[4] <u>माननीय सदस्यों द्वारा शपथ ग्रहण / प्रतिज्ञान</u> :-

माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से शपथ/प्रतिज्ञान की कार्यवाही प्रारंभ हुई जिसमें कुल-03 (तीन) माननीय सदस्यों ने बारी-बारी से शपथ ग्रहण /प्रतिज्ञान किया ।

तदुपरांत सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक-04 दिसम्बर, 2015 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-02.12.2015

राजीव कुमार
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।